'महात्मागांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा देकर आंदोलन का विगुल बजाय था'

■ शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों ने रामपुरा गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी के आयोजन किया

कोटा में कांग्रेस जनों ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ मनाई ।

कोटा, (निसं) अंग्रेजों भारत छोड़ों की 77वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को रामपुरा गांधी चौक में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 9 अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक दिन पूर्व 8 अगस्त को बॉम्बे में कांग्रेस समिति की मीटिंग में अहम फैसला कर देश को आजादी दिलाने के लिए 9 अगस्त को अंग्रेजो भारत छोड़ो, करों या मरों का नारा देकर आंदोलन का बिगुल बजाया था।

इस आंदोलन में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों की जाने गयी तथा हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने जेलों में डाल दिया था लेकिन देश में जगह-जगह आंदोलन ने विराट रूप ले लिया था आखिरकार अंग्रेजो को भारत से भागना ही पड़ा। गांधीजी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलायी रविन्द्र त्यागी ने कहा कि लेकिन आज की वर्तमान मोदी सरकार अंहकार में डूबी हुई है पार्टी को खत्म करने एवं इतिहास में शहीदों नाम हटाने का षड्यन्त्र कर लोक लोकतंत्र की हत्या रही है उन्होंने कहा कांग्रेस ने देश को आजाद कराया लेकिन मोदीजी शहीदों का अपमान एवं उनको निचा दिखाने का काम कर रहे है भाजपाईयों का आजादी के आंदोलन में कोई भूमिका नही रही। उन्होंने कहा मोदीजी के इशारे पर सर्वैधानिक संस्थाओं, न्याय पालिका के ऊपर दवाब बनाया जा रहा है कांग्रेस पार्टी इन साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ डटकर मुकाबला करेगी। कमेटी के उपाध्यक्ष ने कहा कि हमे गांधीजी के आदर्श सिद्धांतो पर चलकर देश की सेवा करनी चाहिए उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी के साथ आंदोलन में शामिल रहे तमाम स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी कुर्बानी देकर भारत को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी साथ-साथ कई महीनों तक जेल में भी रहे। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति ने देश में भूचाल ला दिया जगह-जगह देश मे अंग्रेजों के खिलाफ जनांदोलन होने लगे कि कई क्रांतिकारी शहीद हुए युवाओ ने भी बढ़-चढ़कर आंदोलन में अपनी भूमिका निभायी। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता डॉ.विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी में प्रमुख रूप से उपमहापौर शोनू कुरैशी, उपाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, कांग्रेस नेता डॉ.विजय सोनी, हिमांशु शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, दिनेश खटीक, सीपी गुर्जर, विजय गुप्ता, मंजू चौधरी, सलीम खेड़ली,धर्मा गौचर, अप्सरा अंशारी आदि मौजूद थे।

सड़क हादसे में आरएएस अधिकारी घायल

कोटा, (निसं)। बूंदी जिले के तालेड़ा थाना इलाके के बल्लोप में सड़क दुर्घटना में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और बूंदी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गा शंकर मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें कोटा के झालावाड़ रोड कॉमर्स कॉलेज चौराहा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां पर उनके सिर का ऑपरेशन हुआ है। उसके बाद चिकित्सकों ने उसे उन्हें हायर सेंटर पर ले जाने की सलाह दी है। ऐसे में मीणा को शनिवार सुबह जल्दी जयपुर शिफ्ट किया जा सकता है। डीएस मीणा मूल रूप से टोंक जिले के देवली के रहने वाले हैं। पहले वे कोटा में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर तैनात थे। वर्तमान में बूंदी में सीईओ जिला परिषद के पद पर कार्यरत थे। उनके भाई खेमराज ने बताया कि देर रात 10.30 बजे के आसपास वे बूंदी से कोटा आ रहे थे। तभी बल्लोप स्थित प्रिंटिंग प्रेस के सामने एक गाय डिवाइडर से उतरकर आई और कार उससे टकरा गई। कार को डीएस मीणा ही चला रहे थे। गाय कार से टकराकर बोनट व छत पर आई फिर उछलते हुए पीछे गिर गई। इससे कार अनियंत्रित होते हुए सड़क से थोड़ी नीचे उतर गई। कार में सवार मीणा के ही ज्यादा चोट लगी है जबकि अन्य दो सवार ठीक हैं। कार में सवार अन्य दो लोगों के चोट नहीं आई।

सार-समाचार

चम्बल फर्टिलाईजर्स में मनाया तीज महोत्सव

कोटा, (निसं)। उत्तम महिला समिति चम्बल फर्टिलाइजर्स गढ़ेपन द्वारा तीज महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रियंका माथुर पत्नी डॉ विक्रांत माथुर एवं डॉ श्रीमती अंकिता माथुर पत्नी डॉ अंशुल माथुर रही। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तम महिला समिति की अध्यक्ष पूनम सिंह, उपाध्यक्ष सीमा तायल, संयुक्त उपाध्यक्ष वंदना माथुर ने समिति के सभी सदस्यों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित करके किया। क्लब सचिव हेमा पांडे एवं संयुक्त सचिव स्वपता घोष ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, फैशन शो एवं नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर साड़ी पैकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समिति के सभी सदस्यों ने बेहद लगन से कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का सफलता पूर्वक समापन किया।

मोबाइल फोन की लत विषय पर कार्यशाला

कोटा, (निसं)। मोबाइल आधुनिक युग में जितना आवश्यक है, उतना ही उसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जो हर उम्र और वर्ग को प्रभावित कर रहे हैं। खासकर बच्चों में मोबाइल की लत उनके सर्वांगीण विकास में बाधक बन रही है। अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान के दौरान लोगों को मानसिक रोग के प्रति जागरुक किया जा रहा है, आगामी रविवार 11 अगस्त को मोबाइल की लत विषय पर अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन दोपहर 2 बजे से 3 बजे किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा मोबाइल की लत, इसके कारण, इससे होने वाली मानसिक बीमारियां, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। यह वर्कशॉप सभी उम्र और वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी रहेगी। इस वर्कशॉप में काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूरी टीम इस दौरान उपस्थित होकर मोबाईल के दुष्परिणाम और बचाओं को लेकर जानकारी देगी।

विश्व आदिवासी दिवस पर गोष्ठी

कोटा, (निसं)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, कोटा द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी मीणा समाज छात्रावास, छत्रपुरा, कोटा में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोटा संभाग के मीणा समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पवन मीणा, उप महापौर दक्षिण नगर निगम, कोटा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए आदिवासी समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज देश की संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कोटा संभाग के मीणा समाज के अध्यक्ष, राम स्वरूप मीणा ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आजादी के लिए अहम भूमिका निभाई है। विकास समिति के अध्यक्ष, वी.पी. मीणा ने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

हाडा को दी श्रद्धांजलि

कोटा, (निसं)। कोटा के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाड़ा का 2 अगस्त को निधन हो गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की ओर से शांति प्रकाश हाल गुमानपुरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के युवा व वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठन के लोग, राजनैतिक, धार्मिक व अन्य समाज के लोगों ने वहां पहुंचकर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर ग्रेटर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर व महासचिव अनिल भारद्वाज ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सुनील माथुर ने कहा कि केबीएस हाड़ा शहर के लिए जाना पहचाना नाम था, पत्रकारिता के बड़े समूह में उन्होंने कार्य किया। वह जितने सरल थे उनकी लेखनी उतनी ही तीखी और धारा प्रवाह थी। हिंदी और अंग्रेजी दोनो ही भाषाओं में लिखने की कला में वह पारंगत थे, उनके कम शब्दों का चयन भी बड़ी बात को इंगित करता था। माथुर ने कहा कि उनके परिवार को शह के प्रमुख लोगों ने भी संवेदना व्यक्त की है। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी ने भी दुख व्यक्त किया। दूरभाष पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी, पूर्व मंत्री बीना काक, पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, महाराजा गज सिंह जोधपुर, विधायक सिद्धि कुमारी, विधायक व पूर्व मंत्री हरेंद्र मिर्धा, पत्रकार तवलीन सिंह ने परिजनों से बात कर संवेदना व्यक्त की। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस, मंजू मेहरा, पवन मीणा, पूर्व उप महापौर सुनीता व्यास, विधायक अशोक चांदना, विधायक हरिमोहन शर्मा, बृजेश विजयवर्गीय चंबल संसद सहित कई लोगों ने पत्र के माध्यम व वहां उपस्थित होकर संवेदना व्यक्त की।

तिरंगा अभियान 13 से

कोटा, (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन एवं कार्मिक विभाग के सहयोग से कोटा रेल मण्डल में लोगों में देश प्रेम की भावना पैदा करने एवं भारत वर्ष को एक महान देश बनाने वाले देशभक्तों की स्मृति में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहन के लिए दिनांक 13-15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें कोटा मंडल में कार्यरत 13 हजार कर्मियों को इस अभियान में कार्यालय एवं निवास स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहन किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी से सभी घरों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. की बोम और बोर्ड बैठक सम्पन्न

■ जमाओं में दर्ज हुई वृद्धि, बोरखेड़ा शाखा होगी नए परिसर में हस्तांतरित

कोटा, (निसं)। कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि.कोटा की बोम व बोर्ड की बैठक रावतभाटा रोड़ स्थित प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

प्रबंध संचालक बिजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में सीआरआर व एस.एल.आर. की अनुपालना,ऋण पॉलिसी 2024, सेगमेंट, साईबर सिक्योरिटी, जमाओं की समीक्षा, एनपीए वसूली, बैंक ग्राहक सेवा, सुरक्षा व्यवस्था, इंटरब्रांच व बैंक रिकन्सिलेशन, समीक्षा व प्रतिभूति निवेश सहित 20 बिंदुओं के एजेंडे पर बोर्ड व बोम सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बोर्ड उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाडा, संचालक राकेश जैन, महेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र काबरा, ओमप्रकाश मेहरा, महावीर सुवालका, अशोक मीना, सहवरित संचालक, प्रेम भाटिया, सहित महिला संचालक पद्मिनी हाड़ा, तनीशा बादल एवं बोम अध्यक्ष ओम माहेश्वरी सदस्य सुरेन्द्र गोयल विचित्र, आर.के. जैन, भक्ति निगम भी उपस्थित रहे। बिरला ने बताया कि जनता के सहयोग से बैंक निरंतर प्रगति पर है और बैंक की प्रधान कार्यालय शाखा सहित सभी ब्रांचों पर लाभ दर्ज किया गया है और सभी शाखाएं मुनाफे में चल रही है। उन्होने बताया कि गत क्वाटर से बैंक की जमाओं में 1 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। बिरला ने कहा कि यह जनता का बैंक है जनता के साथ हमेशा खड़ा रहता है बैंक की प्रगति जनता के सहयोग से ही संभव है। बिरला ने बताया कि बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि आमसभा का आयोजन 15 सितम्बर को झालावाड़ स्थित माहेश्वरी भवन में किया जाएगा। बैठक में बैंक के विस्तार को देखते हुए नए शाखा खोलने के लिए भी संचालक मण्डल ने स्वीकृति दी है कोटा शहर में जल्द ही एक नई शाखा खोली जाएगी। उन्होने बताया कि बैंक सुव्यवस्थित व आधारभूत ढांचे को ठीक करने का कार्य कर रही है इस क्रम में 12 सितम्बर को बोरखेड़ा शाखा को नए परिसर में हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होने कहा कि बैंक की स्थिति सुदृढ़ है,ऐसे में बैंक सदस्यों को अधिक से अधिक लाभांश देने विचार कर रही है।

प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग राउंड शुरू

कोटा, (निसं)। कोटा जिला बैडमिंटन संघ के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर (17)प्रतियोगिता के क्वालीफाईंग राउंड शुरू हुए जिसमें 25 जिलों के 750 के लगभग बालक बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं प्रथम राउंड सुबह 9.00 बजे बालक वर्ग जोशी शर्टलर एकेडमी व बालिका वर्ग जी के सिंघानिया बैडमिंटन हॉल में शुरू हुए बालिका वर्ग लगभग 90 मैच खेले गए तथा बालक वर्ग में 250 के लगभग मैच खेले गए हैं।

पश्चिम मध्य रेल

(निविदा सूचना सं. वरि-भंडार आपूर्ति हेतु ई), म.सा.प्र./ईपीएस/59/2024

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिए https://ireps. gov.in पर 'ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **S.N.-1, Tender No.:** 94245349, **Short Description: Self Ventilated series field, Tendered Tendered Qty.:** 1 Nos, **Opening date:** 03.09.2024. **S.N.-2, Tender No.:** 94245515, **Short Description:** Supply Instalation and Commissioning of Static Weighbridge (Road), **Tendered Qty.:** 1 Nos, **Opening date:** 05.09.2024.

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

रनिंग रूम एवं दुर्घटना राहत संसाधनों का किया निरीक्षण

कोटा, (निसं)। मुख्यालय जबलपुर के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारियों की इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम ने दो दिवसीय संरक्षा ऑडिट निरीक्षण के दूसरे दिन दिनांक 09 अगस्त को कोटा स्टेशन परिक्षेत्र में इन्टीग्रेटेड क्रू लॉबी, दुर्घटना राहत गाड़ी, दुर्घटना राहत मेडिकल गाड़ी, रनिंग रूम एवं मोडिफाईड़ वातानुकूलित इकोनॉमिक कोच का निरीक्षण किया गया।

संरक्षा ऑडिट निरीक्षण प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस निरीक्षण में मुख्यालय के मुख्य यॉंत्रिक अभियंता, मुख्य सिगनल अभियंता, मुख्य बिजली वितरण अभियंता, मुख्य अभियंता (एसडी) एवं अन्य अधिकारीगण साथ में रहे तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के. सिंह एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना की देखरेख में इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान कोटा मंडल के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ), वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता (समन्वय), वरि. मंडल यॉंत्रिक अभियंता (कोचिंग) एवं (फ्रेट), वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) आदि अधिकारीगण साथ में रहे। प्रभात कुमार-प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने मनीष तिवारी-डीआरएम कोटा एवं अन्य मुख्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारियों एवं मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ मंडल के सभागृह में संरक्षा बैठक की। इसके अतिरिक्त प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने मंडल कार्यालय के सभागृह में मंडल आपदा प्रबंधन योजना पुस्तक के 14 वें संस्करण का विमोचन किया। मंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा वर्ष में दो बार निरीक्षण किये जाते हैं। ऐसे निरीक्षण कर रेल संरक्षा में निरंतर सुधार करने के लिए सतत् प्रयास किए जाते हैं ताकि रेल संपत्ति के रखरखाव, संरक्षा प्रक्रिया और प्रणालीगत दोषों के कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर, दुर्घटनाओं को रोकने के तरीके और संसाधनों को सुदृढ किया जा सके। मुख्य रूप से भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचों का संरक्षा की दृष्टिकोण से नियमित अंतराल पर संरक्षा ऑडिट निरीक्षण किया जाता है।

डी.सी. करेंगी चलित अस्पताल का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। जन समान्य की चिकित्सा सेवा को समर्पित मानव सेवा समिति द्वारा जनता के लिए चलित अस्पताल की निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। ट्रस्टी गोविंद राम मित्तल ने बताया कि इस चलित एम्बुलेंस अस्पताल का शुभारंभ संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया द्वारा रविवार, 11 अगस्त को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कोटा के डीजीएम दिपेश कुमार करेंगे। मानव सेवा समिति के निदेशक डॉ.एस के सिंघल ने बताया कि इस चलित अस्पताल में एक फिजिशियन एवं नर्स की सुविधा होगी। यह गांव-गांव व ढाणी-ढाणी जाकर मरीजों को लाभांवित करेगी।

'बढी हुई न्यूनतम मजूदरी दरें लागू करें सरकार'

कोटा, (निसं)। बढ़ती महंगाई के बावजूद प्रदेश के ठेका श्रमिकों को न्यूनतम दैनिक मजदूरी में 26 रुपये की वृद्धि का लाभ पिछले एक वर्ष से नहीं मिल रहा है। राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ कोटा थर्मल इकाई के अध्यक्ष रामसिंह शेखावत ने बताया कि अगस्त, 2023 में पूर्व गहलोत सरकार ने श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी दरों में 26 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि करने की घोषणा की थी।

यह मजदूरी दर 1 जनवरी, 2023 से लागू होनी थी लेकिन आमचुनाव की आचार संहिता लागू हो जाने से इस पर अमल नहीं हो सका। राज्य सरकार द्वारा अगस्त, 2023 में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दरें अप्रशिक्षित की 259 से बढ़ाकर 285 रुपये, अर्द्धप्रशिक्षित की 271 रुपये से 297 रुपये, प्रशिक्षित श्रमिक की 283 से 309 रुपये एवं उच्च प्रशिक्षित श्रमिक की दैनिक मजदूरी 333 रुपये से बढ़ाकर 359 रुपये कर दी गई थी। जिससे श्रमिकों को मासिक वेतन 8550 से 10770 रुपये तक मिलना था। लेकिन पूर्व सरकार की घोषणा के बाद आम चुनाव में प्रदेश में सरकार बदल गई।

जिससे ठेका श्रमिकों को बढी हुई मजदूरी एक साल से नहीं मिल पा रही है। इस उपेक्षा से लाखों ठेका श्रमिकों में निराशा व्याप्त है। शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर मांग की कि प्रदेश के ठेका श्रमिकों के परिवार बढती महंगाई में आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-900 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-08.08.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 969 का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 18.12.2001 को श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री भैरुलाल को किया गया था। आवंटी श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री भैरुलाल द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जयें मुख्तारआम श्री महेश कुमार पुत्र श्री गोविन्द राम द्वारा जयें रजि. विक्रय पत्र दिनांक 06.10.08 को श्री ईश्वर कुमार पुत्र श्री गोविन्द राम जी को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री ईश्वर कुमार की मृत्यु दिनांक 05.11.2022 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में श्रीमती दीक्षा तेल्वानी पुत्री श्री ईश्वर कुमार पत्नी श्री अमरजीत सिंह एवं श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री जगत सिंह के पक्ष में वसीयत निष्पादित कर रखी थी। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 969 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती दीक्षा तेल्वानी पुत्री श्री ईश्वर कुमार पत्नी श्री अमरजीत सिंह एवं श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री जगत सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

सेवा कार्य कर मनाया स्थापना दिवस

कोटा, (निसं)। यूथ कांग्रेस का स्थापना दिवस कोटड़ी गुमानपुरा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ सेवा कार्य कर मनाया गया। यूथ कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष मोईजुद्दीन गुड्डू ने बताया कि राजस्थान यूथ कांग्रेस के निर्देश अनुसार पौधारोपण सफाई का सम्मान राजस्थान के प्रत्येक जिले में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया, उन्हें तिलक लगा कर साफा बाँध व माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही झंडारोहण हुआ और यूथ कांग्रेस के उद्देश्य, उसकी रीति-नीति के तहत किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला गया। गुड्डू ने कहा कि इस अवसर पर पौधारोपण किया गया साथ ही कांग्रेस कार्यालय में श्रमदान कर सफाई की गई। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए गुड्डू ने कहा कि युवा देश का भविष्य है और यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता देशहित व समाजहित में हर संभव कार्य करता चला आ रहा है, युवाओं की मांग को उचित मंच पर उठाने का प्रयास किया जाता है वहीं युवाओं के उत्थान, उनके हित और उनकी समस्याओं को हल करने का पूरा प्रयास करता है। यूथ कांग्रेस देश में अपनी अलग पहचान रखती है और समय-समय पर सरकार को जगाने का भी काम करती है।

विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे है आदिवासी : मंत्री हीरालाल नागर

■ जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में हुआ समारोह

■ यह विश्वविद्यालय आदिवासी समाज के विकास का प्रतीक-ऊर्जा मंत्री

कोटा में विश्व आदिवासी दिवस पर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पौधारोपण किया।

कोटा, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस पर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में आदिवासियों के योगदान को यादकर पौधारोपण किया गया एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्व का पहला आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा में है और कोटा की स्थापना भी कोटिया भील द्वारा की गई है। उन्होंने कहा आदिवासी समाज के हर छोटे-बड़े व्यक्ति के सहयोग से इस विश्वविद्यालय का इतना भव्य निर्माण हुआ है।

जो इस बात का साक्षी है कि आज आदिवासी समाज भी समाज एवं विकास की मुख्यधारा से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भारत को 2047 तक विकसित होने का संकल्प लिया है वह इसी तरह पूर्ण होगा। उन्होंने कहा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी समाज से हैं और यह समस्त भारत के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के विकास में उनके द्वारा जो भी सहयोग संभव होगा वह करेंगे। उन्होंने कहा यह सब की जिम्मेदारी है कि सब अपनी क्षमता अनुसार सहयोग कर आदिवासियों के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा इस बार के बजट में आदिवासियों के विकास के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं जो उनको आत्मनिर्भर बनाएंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विश्वविद्यालय में जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल संकुल बनाया जा रहा है वह समस्त हाड़ौती क्षेत्र, राजस्थान एवं पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण प्रयास करेंगे की यहां के स्टेडियम का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के कर कमलों द्वारा कराया जाएं। कार्यक्रम के अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि भारत एवं राजस्थान में आदिवासियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा जल, जंगल, ज़मीन, वन्यजीव, पहाड़ों की सुरक्षा में आदिवासियों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर युवाओं को शिक्षा, सभ्यता संस्कृति के साथ विकास एवं समृद्धि पथ पर अग्रसर करेगा। शाहबाद से विधायक ललित मीणा ने कहां की यह विश्वविद्यालय आदिवासी समाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे सभ्यता, संस्कृति की सुरक्षा के साथ विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2863 जाहिर आम सूचना दिनांक - 26.7.24

आवास संख्या 2-एम-2 रंगबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री एच.एल. कुलश्रेष्ठ को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री एच.एल. कुलश्रेष्ठ के नाम दिनांक 22.03.1999 को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री एच.एल. कुलश्रेष्ठ की मृत्यु दिनांक 30.07.2009 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती सुधारानी की मृत्यु दिनांक 21.09.2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसों में सुश्री रीतू कुलश्रेष्ठ पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 17.02.2021 को अपनी बहिन श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के पक्ष में किया गया। श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-एम-2 रंगबाड़ी कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2832 जाहिर आम सूचना दिनांक - 24.7.24

आवास संख्या 3-एच-1 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री ओमप्रकाश गोयल पुत्र श्री सोहन लाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती कविता देवी पत्नी श्री शंकर लाल के नाम दिनांक 01.08.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती कविता देवी पत्नी श्री शंकर लाल के नाम दिनांक 16.08.2000 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती कविता देवी पत्नी श्री शंकर लाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 24.05.2002 को श्री तपेश विजयवर्गीय पुत्र श्री जमना लाल गुप्ता को किया गया। श्री तपेश विजयवर्गीय पुत्र श्री जमना लाल गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.11.2005 को श्रीमती सीमा सक्सेना पत्नी श्री उमेश सक्सेना को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सीमा सक्सेना पत्नी श्री उमेश सक्सेना की मृत्यु दिनांक 22.04.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री अनुनय सक्सेना पुत्र श्री उमेश कुमार सक्सेना एवं अवनी सक्सेना पुत्री श्री उमेश कुमार सक्सेना द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 14.06.2021 को अपने पिता श्री उमेश कुमार सक्सेना पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचरण सक्सेना के पक्ष में किया गया। श्री उमेश कुमार सक्सेना पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचरण सक्सेना का नाम दिनांक 29.06.2022 को हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर हस्तांतरण किया गया। तत्पश्चात श्री उमेश कुमार सक्सेना पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचरण सक्सेना द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.12.2023 को श्रीमती संगीता वेष्णव पत्नी श्री विष्णु वेष्णव एवं श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी श्री संजय डी. शर्मा को संयुक्त रुप से किया गया। श्रीमती संगीता वेष्णव पत्नी श्री विष्णु वेष्णव एवं श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी श्री संजय डी. शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-एच-1 महावीर नगर तृतीय कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती संगीता वेष्णव पत्नी श्री विष्णु वेष्णव एवं श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी श्री संजय डी. शर्मा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती संगीता वेष्णव पत्नी श्री विष्णु वेष्णव एवं श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी श्री संजय डी. शर्मा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती संगीता वेष्णव पत्नी श्री विष्णु वेष्णव एवं श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी श्री संजय डी. शर्मा के नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा